# फल ठेले वालों के सामने नपा प्रशासन बेबस

- चेतावनी के बावजूद तय स्थान पर नहीं लग रहे ठेले
- 24 लाख से बने चबूतरों का भी नहीं हो सका उपयोग



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 4 सितंबर. बाजार व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने सब्जी मंडी एवं फल बाजार का निरीक्षण किया. इस दौरान सब्जी मंडी के सामने फल ठेले लगाने वाले विक्रेताओं को विधायक के निर्देशानुसार निर्धारित स्थान पर ही कारोबार करने की हिदायत दी गई.**

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि सड़क, फुटपाथ या अन्य स्थान पर फल बेचते पाए जाने पर ठेले और व्यवसाय में उपयोग होने वाली सामग्री जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

हालांकि, नगरपालिका की लगातार चेतावनियों के बावजूद फल विक्रेता निर्धारित स्थान पर जाने को तैयार नहीं हैं. इससे शहर की प्रमुख सड़कों पर यातायात प्रभावित हो रहा है. नगरपालिका की कार्रवाई भी सवालों के घेरे में है. अतिक्रमण हटाने के बाद कुछ समय में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है. बताया गया है कि सड़क पर फल ठेले लगाने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में भी पेश किया गया है.

### 24 लाख खर्च, फिर भी नहीं लगते फल ठेले

सब्जी बाजार के पास महर्षि वाल्मीकि फल मंडी में करीब 24 लाख रुपए की लागत से शेडयुक्त 62 चबूतरे बनाए गए हैं, लेकिन करीब सात साल में सात दिन भी इनका नियमित उपयोग नहीं हो पाया. फल विक्रेताओं के नहीं आने से चबूतरों का उपयोग कुछ समय तक आलू, प्याज और लहसुन का भंडारण करने के लिए किया जाता रहा. नगरपालिका अब एक बार फिर निर्धारित स्थान पर दुकानें लगाने की अंतिम चेतावनी दे रही है. सवाल यह है कि कार्रवाई की चेतावनी के बावजूद व्यवस्था लागू क्यों नहीं हो पा रही है.

## वार्ड-1 में लगा विद्युत विभाग का विशेष शिविर

**इटारसी.** वार्ड क्रमांक-1 में बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मध्यप्रदेश विद्युत मंडल की ओर से पहली बार विशेष शिविर लगाया गया. शिविर में वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी ने नागरिकों की पुरानी और गंभीर समस्याओं को विद्युत अधिकारियों के सामने प्रमुखता से रखा. चर्च वाली गली में गलत स्थान पर गड़े तीन बिजली के खंभों को उचित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की गई. इसके लिए शहर प्रबंधक डेलन पटेल से विशेष आग्रह किया गया. वहीं हेमंत पुरी गोस्वामी वाली बिजली लाइन में आए दिन फाल्ट होने के कारण बार-बार बिजली गुल होने की समस्या भी अधिकारियों के सामने रखी गई. पार्षद ने पूरी लाइन को जल्द नई लाइन से बदलने की मांग की. शिविर के दौरान पार्षद ने वार्ड की अन्य विद्युत समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया. अब शिविर के बाद वार्डवासियों की नजर विभाग की कार्रवाई पर है.

# रेत उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई

- गिट्टी का अवैध परिवहन करते डंपर को भी पकड़ा
- पुलिस अभिरक्षा में रखे गए वाहन व पनडुब्बियां



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है. इसी क्रम में राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सिवनी मालवा तहसील के ग्राम कजली में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की.**

जांच दल ने ग्राम कजली में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए दो पनडुब्बियां जब्त कीं. जब्त पनडुब्बियों को थाना सिवनी मालवा की पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है. वहीं, खनिज विभाग की जांच के दौरान डंपर क्रमांक एमपी04एचई4953 को गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया. डंपर को भी पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है.

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा.

अधिकारियों के अनुसार नियमों का उल्लंघन कर खनिजों का उत्खनन, परिवहन या भंडारण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. कार्रवाई में नायब तहसीलदार सिवनी मालवा हीरू कुमरे, खनि निरीक्षक बसंत पाटिल, खनि सिपाही हेमंत राज सहित राजस्व अमला मौजूद रहा.

## कलेक्टर ने सांदीपनि स्कूल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**पिपरिया.** कलेक्टर सौमेश मिश्रा ने सांदीपनि स्कूल पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और प्रशासनिक अधिकारियों, इंजीनियरों व ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए. उन्होंने कार्यपालन यंत्री, जिला शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य से निर्माण कार्य के प्रत्येक बिंदु की जानकारी लेते हुए कहा कि कोई भी काम छूटना नहीं चाहिए. साथ ही निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए.

# स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

### राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा और दशावतार की प्रस्तुति ने मोहा मन

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 4 सितंबर. सिवनी मालवा के जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रवीण पणिकर ने भगवान श्रीकृष्ण एवं मां सरस्वती की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी राधा-कृष्ण सहित विभिन्न धार्मिक पात्रों की आकर्षक वेशभूषा में नजर आए.**



कार्यक्रम में भगवान विष्णु के दशावतार पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही. विद्यार्थियों ने विभिन्न अवतारों का रूप धारण कर उनके महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया. तेजस्वी ने मत्स्य, अस्विका ने कूर्म, प्रशा ने वराह, आराधी ने नरसिंह, शिवांशी ने वामन, सात्विक ने श्रीराम, काव्यांश ने परशुराम, हर्षिता ने श्रीकृष्ण, जियांशी ने बुद्ध और गौरव ने कल्कि अवतार की प्रस्तुति दी.

## मनुष्य मिलन योग साधकों ने मनाया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव

**माखन नगर.** मनुष्य मिलन योग साधना शिविर के साधकों ने भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया. इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधक शामिल हुए. शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली. इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए और धार्मिक वातावरण बना रहा. शोभायात्रा में मनुष्य मिलन योग संस्था से जुड़े साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

# गड्ढों में समाई उम्मीदें, सड़क पर उतरा आक्रोश

### खेड़ा-लोहारिया मार्ग के लिए ग्रामीणों का चक्काजाम

- फोरलेन पर आधा दर्जन गांवों के लोगों ने किया प्रदर्शन
- प्रशासन ने 72 घंटे में पेचवर्क और दो माह में नई सड़क



नवभारत न्यूज

**इटारसी. खेड़ा से लोहारिया मार्ग की जर्जर हालत से परेशान आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने बुधवार को फोरलेन पर चक्काजाम कर विरोध जताया.**

लंबे समय से सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है. लोहारिया, तारारोड़ा, ग्वाड़ी, कांदई और सोमलवाड़ा सहित आसपास के ग्रामीणों ने कहा कि मार्ग की हालत के कारण स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर गड्ढों के कारण स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को दुर्घटना का डर बना रहता है. किसानों के वाहन भी फसल लेकर मंडी जाते समय खराब हो रहे हैं.

**मौके पर पहुंचा प्रशासन**

चक्काजाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे. एसडीएम निलेश शर्मा, एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार, रामपुर थाना प्रभारी संजीव पंवार, पथरोटा थाना प्रभारी मोनिका गौर और उप निरीक्षक विपिन पाल सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा की.

## एक नजर में

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा

**बनखेड़ी.** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बनखेड़ी में माहेश्वरी समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई. बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों, आकर्षक रथ और सजे-धजे घोड़ों के साथ निकली शोभायात्रा से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया. रथ पर सजी राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और श्रद्धालु शामिल हुए. यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर सहभागिता की.

### स्कूलों में खेल की राशि के दुरुपयोग का आरोप

**पिपरिया.** शासकीय विद्यालयों में खेल सुविधाओं की स्थिति, सरकारी राशि के कथित दुरुपयोग और शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी लंबित अनियमितताओं के निराकरण की मांग को लेकर स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. अध्यक्ष वैभव शर्मा, शिवम केवट, अमन ठाकुर, शशांक सहित पदाधिकारियों ने विभिन्न मामलों की जांच कराने की मांग की. सांदीपनि विद्यालय का खेल मैदान करीब साढ़े तीन वर्षों से निर्माण कार्य के कारण प्रभावित है. आरोप है कि शीघ्र लोकार्पण के उद्देश्य से स्वीकृत योजना में प्रस्तावित दो खेल कोर्ट, रनिंग ट्रैक सहित अन्य खेल सुविधाओं को निरस्त किया गया है.

### श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**सिवनी मालवा.** बानापुरा में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ. प्रथम दिवस खेड़ापति माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए. महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए, जबकि श्रद्धालु श्रीमद्भागवत महापुराण को सिर पर रखकर यात्रा में शामिल हुए. धार्मिक जयकारों के बीच कलश यात्रा कथा स्थल पहुंची. पूजन-अर्चना के बाद प्रसिद्ध कथावाचक एवं बम-बम बाबा के शिष्य पंडित विद्याधर शर्मा ने कथा का शुभारंभ किया. उन्होंने भगवान की लीलाओं के साथ धर्म, भक्ति, ज्ञान और संस्कारों का महत्व बताया.

# मालगाड़ी-हाइड्रा टक्कर की खबर से मचा हड़कंप

### स्टेशन पर आपातकाल जैसा नजारा, राहत ट्रेन और चिकित्सा यान हुए रवाना; बाद में सामने आया रेलवे का मॉक ड्रिल




नवभारत न्यूज

**इटारसी. शुक्रवार सुबह इटारसी रेलवे स्टेशन और न्यू यार्ड क्षेत्र में लगातार छह बार खतरे के सायरन गूंजने से हड़कंप मच गया. खबर फैली कि अब्दुल्लागंज और बरखेड़ा के बीच मालगाड़ी और हाइड्रा मशीन की टक्कर हो गई है. सायरन की आवाज और रेलवे अधिकारियों की सक्रियता देखकर यात्रियों और आसपास के रहवासियों में किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका फैल गई.**

सुबह करीब 11 बजे दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेलवे महकमा हाई अलर्ट पर आ गया. सायरन बजते ही न्यू यार्ड स्थित विद्युत और डीजल लोको शेड के राहत एवं बचाव दल आवश्यक उपकरणों के साथ सक्रिय हो गए. डीजल शेड और प्लेटफॉर्म नंबर-1 से दुर्घटना राहत ट्रेन तथा दो दुर्घटना राहत चिकित्सा यान भी तत्काल रवाना किए गए. भारी उपकरणों के साथ कर्मचारियों की आवाजाही से स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में भी कौतूहल और चिंता का माहौल रहा.

### हादसा नहीं, आपदा से निपटने का पूर्वाभ्यास

कुछ समय बाद स्पष्ट हुआ कि मालगाड़ी और हाइड्रा की टक्कर की खबर वास्तविक दुर्घटना नहीं, बल्कि रेलवे द्वारा आयोजित मॉक ड्रिल का हिस्सा थी. अभ्यास के माध्यम से यह जांचा गया कि वास्तविक रेल हादसे की स्थिति में राहत एवं बचाव दल, चिकित्सा टीम और अन्य व्यवस्थाएं कितनी तेजी और प्रभावी ढंग से काम करती हैं. तय प्रोटोकॉल के अनुसार बचाव दल की प्रतिक्रिया और राहत कार्यों का परीक्षण किया गया. अभ्यास सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद रेलवे ने लंबा सायरन बजाकर ड्रिल समाप्त होने और स्थिति सामान्य होने का संकेत दिया. इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और दुर्घटना की अफवाहों पर विराम लगा.

# जन्माष्टमी पर कृष्ण भक्ति का अद्भुत नजारा

- दादा गुरु महाराज समेत जनप्रतिनिधि हुए शामिल
- मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने बढ़ाया उत्साह



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम. भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नर्मदापुरम जिले में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा. शहर में जगह-जगह श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियां, चल समारोह, भंडारे और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए.**

ग्वालटोली क्षेत्र में प्राचीन काली मंदिर एवं राधा-कृष्ण मंदिर के समीप जन्मोत्सव और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. इसमें दादा गुरु महाराज, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव और कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम में अतिथियों ने मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद लिया. राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए. श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित झांकियों और मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने श्रद्धालुओं में खासा उत्साह भर दिया.

# इटारसी में 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह आज

- देशभर के 40 श्रेष्ठ शिक्षक होंगे सम्मानित,
- गुरु वंदना और महाआरती से होगा आयोजन का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**इटारसी. शिक्षक दिवस के अवसर पर इटारसी में विपिन जोशी स्मारक समिति का 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा.**

स्थानीय द पार्क रिजॉर्ट में शाम 6 बजे होने वाले समारोह में देशभर से चयनित 40 श्रेष्ठ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा. समिति अध्यक्ष रमेश के साहू ने बताया कि समारोह आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सानिध्य में होगा. मुख्य अतिथि चिरायु अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन डॉ. अजय गोयनका, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता अजय गुप्ता और विशेष अतिथि केबीसी फेम उषा खरे रहेंगी. समारोह की शुरुआत गुरुजनों के चरण प्रक्षालन और महाआरती से होगी. आयोजन के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षकों के प्रति सम्मान की भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा.

# नन्हे बच्चों ने राधा-कृष्ण बन दी मनमोहक प्रस्तुतियां

### टॉप थर्टी गुरुकुलम स्कूल में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**इटारसी. मुंबई टॉप थर्टी गुरुकुलम स्कूल में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई. बच्चों ने 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया. स्कूल परिसर में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई.**




कार्यक्रम में शिक्षिकाओं ने राधा, कृष्ण और यशोदा का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुत किया और माखन चोरी, कालिया नाग व रासलीला जैसी कृष्ण लीलाओं से बच्चों को परिचित कराया. नन्हे बच्चों ने भी राधा-कृष्ण के रूप में 'छोटी-छोटी गईया' और 'वो अलबेला मद नैनों वाला' जैसे गीतों तथा माखन चोर नाटिका की प्रस्तुति दी. आयोजन से पहले दहीहंडी, मटकी फोड़ और राधा-कृष्ण बने बच्चों का रैंप वॉक कराया गया. शिक्षिकाओं ने बच्चों को कृष्ण से जुड़ी कहानियां सुनाकर अच्छे संस्कार और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया.

# 24 घंटे में 1 .20 इंच बारिश तवा डैम अब भी 11 फीट खाली

- बारिश से उमस से राहत, नदी-नालों का बढ़ा जलस्तर
- बांध भरने के लिए अभी और बारिश की जरूरत

**इटारसी. शहर और आसपास के क्षेत्रों में बीते 24 घंटे के दौरान अच्छी बारिश हुई. इटारसी में करीब 1.20 इंच बारिश दर्ज की गई. बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस से राहत मिली. लगातार बारिश के बावजूद तवा डैम अभी अपने पूर्ण जलस्तर से करीब 11 फीट नीचे है.**

भादो का महीना शुरू होने के बाद भी बांध के पूरी तरह नहीं भरने से जलस्रोतों और मानसून की स्थिति पर लोगों की नजर बनी हुई है. बारिश के चलते क्षेत्र के नदी-नालों में पानी का स्तर बढ़ा है. हालांकि, तवा डैम में पर्याप्त जलभराव के लिए अभी और बारिश की आवश्यकता बताई जा रही है. आगामी दिनों में होने वाली बारिश बांध के जलस्तर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है. इटारसी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान भी बारिश की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं. जलस्रोतों के स्तर में सुधार के साथ खेती-किसानी को भी फायदा मिलने की उम्मीद है.

**भजन-कीर्तन** | द्वारकाधीश मंदिर में रात 12 बजे हुआ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

# शहर में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**इटारसी. श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं. प्रमुख मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की जा रही है. दिनभर धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना होगी. रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर मंदिरों में विशेष आरती और पूजन किया गया.**



प्रमुख द्वारकाधीश मंदिर में भी जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं. भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के बाद पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण होगा. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. जन्माष्टमी को लेकर शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है. श्रद्धालु पूजन सामग्री, माखन-मिश्री, फल, फूल, धूप-बत्ती सहित अन्य धार्मिक सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं. घरों और मंदिरों की सजावट के लिए भी लोग आकर्षक सामान खरीद रहे हैं. बच्चों में भी जन्माष्टमी को लेकर खास उत्साह है. कई परिवार बच्चों को राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजाने की तैयारी कर रहे हैं.

बाजार में कृष्ण की पोशाक, मुकुट, बांसुरी और अन्य सजावटी सामग्री की मांग बढ़ी है. शहर के अन्य मंदिरों में भी कृष्ण जन्मोत्सव के लिए झांकियां सजाई जा रही हैं. मंदिरों में आकर्षक विद्युत सजावट के साथ श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और अन्य व्यवस्थाएं की गई.

# जन्माष्टमी पर भक्तिमय हुआ शहर

### भजन-कीर्तन और भजन संध्या से भक्तिमय हुआ माहौल

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा, 4 सितंबर. नगर सहित ग्रामीण अंचलों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी. विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन, रामसत्ता और भजन संध्या सहित धार्मिक कार्यक्रम हुए. देर रात श्रीकृष्ण जन्म के समय मंदिरों और घरों में विशेष पूजा-अर्चना व आरती की गई.**



जन्माष्टमी पर पूरा नगर कृष्णमय नजर आया. मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां सजाईं. जगह-जगह 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारे गूंजते रहे. श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आरती की और प्रसादी वितरित की. बानापुरा के प्रसिद्ध नरसिंह मंदिर में भव्य भजन संध्या आयोजित हुई. भजन गायकों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे. प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में भी भजन कार्यक्रम के बाद पंडितों ने विधि-विधान से भगवान का अभिषेक और पूजन कराया. श्रद्धालुओं को प्रसादी बांटी गई. बानापुरा के श्रीबलराम हनुमान मंदिर, गोवर्धन मंदिर, सूर्य मंदिर और शंकर गणेश मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी विशेष पूजा, भजन-कीर्तन और भजन संध्या हुई. घरों में भी लोगों ने मंडप सजाकर कृष्ण की झांकियां तैयार कीं.